दिन– बुधवार दिनांक– 19 / 11 / 2025

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रदेश में नई सरकार के गठन को लेकर एनडीए विधायक दल की बैठक आज। आज ही सरकार बनाने का भी दावा होगा पेश।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज पटना आ रहे हैं। नई सरकार के स्वरूप को लेकर करेंगे विचार–विमर्श।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत नौ करोड़ किसानों के बैंक खाते में इक्कीसवीं किस्त की राशि अंतरित करेंगे।

04. और, बहुचर्चित सृजन घोटाला मामले में पहला फैसला आया। पटना की सीबीआई अदालत ने घोटाले के एक मामले में पूर्व नाजिर और दो बैंकर्मियों को सुनाई सजा।

---

राज्य में नई सरकार के गठन को लेकर आज कई प्रमुख राजनीतिक गतिविधियां होंगी। आज पटना में एनडीए विधायक दल के नेता का चुनाव होगा। एनडीए के घटक दलों भारतीय जनता पार्टी, जनता दल यूनाइटेड, लोक जनशक्ति पार्टी रामविलास, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा और राष्ट्रीय लोक मोर्चा के सभी दो सौ दो विधायक अपने नेता का चयन करेंगे। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने की सम्भावना है। नेता के चयन के बाद एनडीए की ओर से आज ही सरकार बनाने का दावा भी पेश किया जायेगा। कल पटना के ऐतिहासिक गांधी मैदान में मुख्यमंत्री और मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों का शपथ ग्रहण होगा। एक रिपोर्ट–

–––रिपोर्ट–––

आज ही भारतीय जनता पार्टी और जनता दल यूनाइटेड के विधायक दल की अलग–अलग बैठकें भी होगी। भारतीय जनता पार्टी की बैठक पार्टी के केंद्रीय पर्यवेक्षकों की निगरानी में आज सुबह 10रू00 बजे पटना स्थित पार्टी के प्रदेश मुख्यालय में होगी वही इसी के आसपास जनता दल यूनाइटेड के भी विधायक दल की बैठक होगी। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार एनडीए विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद राज भवन जाकर राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान को अपना इस्तीफा सौंपेंगे। मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल भी आज समाप्त हो जाएगा क्योंकि मंत्रिमंडल ने विधानसभा को आज ही भंग करने की सिफारिश की है।

इधर, पटना के गांधी मैदान में शपथ ग्रहण समारोह की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता रविशंकर प्रसाद ने बताया कि गांधी मैदान में लाखों लोग शपथ ग्रहण समारोह के साक्षी होंगे। समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, एनडीए शासित प्रदेशों के मुख्यमंत्री समेत अन्य गणमान्य लोग भी शामिल होंगे।

–––बाईट–––

इधर, पटना के वरीय पुलिस अधीक्षक कार्तिकेय शर्मा ने बताया कि समारोह को लेकर सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किये गये हैं।

---बाईट---

इस बीच, गांधी मैदान के आसपास आवागमन व्यवस्था में परिवर्तन किया गया है। कल सुबह आठ बजे से दोपहर तीन बजे तक भट्टाचार्य चौराहा से उत्तर गांधी मैदान की ओर वाहनों का परिचालन बंद रहेगा। न्यू डाकबंगला से एसपी वर्मा रोड में भी वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित कर दिया गया है। इसके अलावा पुलिस लाईन तिराहा से गांधी मैदान की ओर तथा राम गुलाम चौक से पश्चिम जे.पी. गोलम्बर की ओर भी वाहनों का प्रवेश नहीं होगा। इसके अलावा बुद्ध मार्ग से पूरब छज्जूबाग, टीएन बनर्जी पथ पर वाहनों का परिचालन प्रतिबंधित रहेगा। साथ ही नवीन पुलिस केन्द्र गेट नम्बर एक से बैंक रोड में भी वाहनों के परिचालन पर रोक रहेगी।

---

भाजपा के वरिष्ठ नेता और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज पटना पहुंच रहे हैं। श्री शाह मंत्रिमंडल गठन को लेकर पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों और नेताओं के साथ विचार–विमर्श करेंगे। साथ ही केंद्रीय गृह मंत्री गठबंधन के अन्य दलों के वरिष्ठ नेताओं के साथ भी बातचीत कर सकते हैं।

---

निर्वाचन आयोग ने राष्ट्रीय जनता दल के उन आरोपों को खारिज किया है जिसमें दावा किया गया है ईवीएम में पहले से पच्चीस हजार वोट थे। बिहार के मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने एक सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि राजद के वरिष्ठ नेता जगदानंद सिंह का यह आरोप पूरी तरह गलत है। आयोग ने कहा कि यह आरोप राजद के अपने चुनाव और मतदान एजेंटों के हस्ताक्षरित वैधानिक रिकॉर्ड से भी विरोधाभासी है। ईवीएम से किसी भी प्रकार की डिजिटल छेड़छाड़ असम्भव है और इसका दो बार रेंडमाईजेशन किया जाता है ताकि कोई यह अनुमान नहीं लगा सके कि कौन सी ईवीएम किस बूथ पर जायेगी। यह कार्य सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में होता है।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज कोयंबटूर में आयोजित भारत प्राकृतिक कृषि शिखर सम्मेलन से पीएम किसान सम्मान निधि योजना की इक्कीसवीं किस्त की राशि जारी

करेंगे। श्री मोदी नौ करोड़ किसानों के लिए अठारह हज़ार करोड़ रुपये की राशि अंतरित करेंगे। इस अवसर पर प्रधानमंत्री प्राकृतिक खेती करने वाले किसानों से बातचीत भी करेंगे।

---

जल संचयन के क्षेत्र में बेहतर नवाचार के लिए नालंदा जिले को पहला स्थान मिला है। वहीं, कैमूर जिले को दूसरा, रोहतास को तीसरा, पूर्वी चम्पारण को चौथा और कटिहार जिले को पांचवां स्थान मिला है। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने नई दिल्ली में आयोजित छठे राष्ट्रीय जल पुरस्कार दो हजार चौबीस और प्रथम जल संचय जन भागीदारी पुरस्कार समारोह में इन जिलों को सम्मानित किया। इसके अलावा जल संचय जन भागीदारी श्रेणी में उल्लेखनीय योगदान के लिए कटिहार जिले को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। जल संरक्षण के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान करने वाले मुंगेर निवासी किशोर जायसवाल को व्यक्तिगत श्रेणी में राष्ट्रीय जल पुरस्कार से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने जल की उपलब्धता और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सभी से मिलकर काम करने का आग्रह किया।

———बाइट———

जल का सक्षम उपयोग एक वैश्विक अनिवार्यता है। हमारे देश के लिए जल का समक्ष उपयोग और भी अधिक आवश्यक है। क्योंकि हमारे देश की जनसंख्या की दृष्टि से हमारे जल संसाधन बहुत समिति हैं। ऐसे स्थिति में सरकार और जनता को मिलकर वॉटर अवेलिबिलिटी और वॉटर सिक्योरिटी के लिए निरंतर प्रयासरत रहना चाहिए।

---

बहुचर्चित सृजन घोटाले में पहला फैसला आया है। इस घोटाले के एक मामले में पटना की सीबीआई अदालत ने एक बैंक प्रबंधक समेत तीन आरोपियों को सजा सुनाई है। विशेष न्यायाधीश सुनील कुमार ने फैसला सुनाते हुए भागलपुर स्थित एक राष्ट्रीयकृत बैंक के पूर्व सहायक प्रबंधक राकेश कुमार और लिपिक अजय कुमार पांडे तथा भागलपुर समाहरणालय के तत्कालीन प्रधान नजीर अमरेंद्र कुमार यादव को विभिन्न धाराओं में दोषी करार दिया। इन सभी को चार वर्षों तक के कारावास की सजा के साथ चौदह लाख रुपए तक की अर्थदंड की सजा सुनाई गयी है। यह मामला भागलपुर में महिला सशक्तिकरण की विभिन्न सरकारी योजनाओं की करोड़ों रुपए की राशि एक आपराधिक षड्यंत्र तथा सरकारी कर्मचारी की मिलीभगत से सृजन नामक संस्था के माध्यम से धोखाधड़ी और जालसाजी कर गबन करने का है। सीबीआई ने दो हजार सत्रह में मामले की प्राथमिक दर्ज की थी।

---

बिहार पुलिस में सिपाही के उन्नीस हजार आठ सौ अड़तीस पदों पर बहाली के लिए लिखित परीक्षा पास अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता परीक्षा पन्द्रह दिसंबर से पटना में होगी। केंद्रीय चयन पर्षद, सिपाही भर्ती के अध्यक्ष जितेंद्र कुमार ने बताया कि परीक्षा का आयोजन पटना के गर्दनीबाग स्थित शहीद राजेंद्र प्रसाद सिंह राजकीय उच्च विद्यालय में होगा। उन्होंने बताया कि परीक्षा संबंधी विवरण पच्चीस नवंबर से पर्षद की वेबसाइट पर उपलब्ध होगा। इधर, पर्षद ने चालक सिपाही के चार हजार तीन सौ इकसठ पदों के लिए परीक्षा कार्यक्रम जारी कर दिया है। यह परीक्षा दस दिसम्बर को आयोजित होगी।

---

बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की ओर से इंटरमीडिएट और मैट्रिक वार्षिक परीक्षा में शामिल होने वाले छात्रों के लिए आज से सेंटअप परीक्षा शुरू हो रही है। इंटर की सैद्धांतिक विषयों की सेंटअप परीक्षा छब्बीस नवम्बर तक और मैट्रिक की बाईस नवम्बर तक चलेगी। दोनों परीक्षाओं में उनतीस लाख से अधिक परीक्षार्थी शामिल होंगे।

---

रेलवे ने ठंड के मौसम में कोहरे के कारण एक दिसम्बर से अगले तीन महीने तक चौबीस जोड़ी ट्रेनों का परिचालन रद्द कर दिया है। इसके अलावा कई ट्रेनों का आंशिक समापन होगा जबकि कई ट्रेनों की आवृति घटाई गयी है। जिन ट्रेनों को रद्द किया गया है, उसमें उपासना एक्सप्रेस, कामख्या–गया एक्सप्रेस, हरिहर एक्सप्रेस, जनसेवा एक्सप्रेस और हटिया–आनंद विहार एक्सप्रेस प्रमुख हैं।

---

देश की पहली महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी को उनकी एक सौ आठवीं जयंती पर आज श्रद्धापूर्वक याद किया जा रहा है। इस अवसर पर पटना के सदाकत आश्रम स्थित प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में श्रद्धांजलि कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा।

---

पटना जिले के दुल्हिन बाजार थाना के बिहटा–पालीगंज मुख्य मार्ग पर बालू माफिया ने खनन विभाग की टीम पर जानलेवा हमला किया। माफिया ने दो सैप जवानों को रौंद दिया, जिसमें दुखहरण पासवान नामक एक जवान की मौत हो गयी। एक अन्य जवान लक्ष्मण सिंह गम्भीर रूप से घायल हो गये। इस मामले में बालू माफिया विनोद यादव और उसके भाई समेत सात लोगों के खिलाफ नामजद और अन्य आधा दर्जन अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करायी गयी है।

---

मुजफ्फरपुर जिले के अहियापुर थाना क्षेत्र के बैरिया बस स्टैंड परिसर से एसटीएफ और स्थानीय पुलिस ने दो करोड़ रूपये मूल्य के मादक पदार्थ हेरोईन के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

---

दिल्ली से बिहार आ रही एक डबल डेकर बस कानपुर के अरैल में दुर्घटनाग्रस्त हो गयी। हादसे में एक बच्चे समेत तीन लोगों की मौत हो गयी। सभी मृतक बिहार के रहने वाले थे।

---

कूच बिहार ट्रॉफी के एलिट वर्ग के एक मुकाबले में दिल्ली ने बिहार को आठ विकेट से पराजित कर दिया।

बेगूसराय में आयोजित तेरहवीं बिहार राज्य सीनियर हैंड बॉल प्रतियोगिता के पुरूष वर्ग का खिताब पटना और महिला वर्ग का खिताब सारण की टीम ने जीता।

---

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने राज्य में नई सरकार के गठन को लेकर जारी हलचल की खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान की सुर्खी है– एनडीए नेता का चुनाव आज, शपथ ग्रहण कल। दैनिक जागरण ने इसी खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है–गांधी मैदान में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में पीएम मोदी होंगे शामिल, शाह आज आयेंगे पटना। प्रभात खबर की सुर्खी है– देश का सबसे खतरनाक नक्सली कमांडर हिडमा–पत्नी सहित मारा गया। दैनिक भास्कर ने राजद प्रमुख लालू प्रसाद के परिवार में जारी अतंर्कलह की खबर को प्रमुखता देते हुये लिखा है– पापा को किडनी देने की बारी आई तो बेटा भाग गया– रोहिणी। राष्ट्रीय सहारा के शब्द हैं– आतंकवाद को बर्दाश्त नहीं करे दुनिया– एस. जयशंकर। आज अखबार की सुर्खी है– रेल निर्माण विभाग में सीबीआई का छापा, एक करोड़ बरामद।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रदेश में नई सरकार के गठन को लेकर एनडीए विधायक दल की बैठक आज। आज ही सरकार बनाने का भी दावा होगा पेश।

02. भाजपा के वरिष्ठ नेता और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह आज पटना आ रहे हैं। नई सरकार के स्वरूप को लेकर करेंगे विचार–विमर्श।

03. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज पीएम किसान सम्मान निधि योजना के तहत नौ करोड़ किसानों के बैंक खाते में इक्कीसवीं किस्त की राशि अंतरित करेंगे।

04. और, बहुचर्चित सृजन घोटाला मामले में पहला फैसला आया। पटना की सीबीआई अदालत ने घोटाले के एक मामले में पूर्व नाजिर और दो बैंककर्मियों को सुनाई सजा।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।